तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 12 फरवरी 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

12 डीपीएम व डीआईओ बस्तर ब्लॉक के औचक...



12 जिमनास्टिक में ए नवीन साई कृष्णा राज्य का ...



## निकाय चुनाव : कांकेर 80.72, चारामा 88.42, भानुप्रतापपुर 78.32, अंतागढ़ 81.18 और पखांजुर 79.92में प्रतिशत मतदान

# शहर की सत्ता पर काबिज होने वालों की किस्मत ईवीएम में हुई कैद, जिले में 81 प्रतिशत मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर की सत्ता पर काबिज होने वाले नेताओं की किस्मत शाम 5 बजे तक ईवीएम में कैद हो गई है। बंद किस्मत 15 फरवरी को खुलेगी। कांकेर नगरपालिका के अधिकतम मतदान केंद्रो पर शाम 5 बजे तक मतदान पूर्ण हो गया था। अंतिम समय इक्का दुक्का ही मतदाता पहुँचे। मतदान बहुत ही शांतिपूर्ण ढंग से हुआ। केवल संजय नगर में प्रत्याशियों के मध्य हल्की सी झूमाझटकी हुई। जिले के 81.13 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया वहीं नगरपालिका कांकेर में 80.72 प्रतिशत, नगर पंचायत चारामा में 88.42 प्रतिशत, नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में 78.32 प्रतिशत, नगर पंचायत अंतागढ़ में 81.18 और नगर पंचायत पखांजुर में 77.92 प्रतिशत मतदान हुआ। जानकारी के अनुसार शहर की सत्ता के लिए सुबह 8 बजे से मतदान शुरू हो गया था, परंतु मतदाता सुबह 7 बजे मतदान केंद्र पहुँच गए थे। लोकसभा में सुबह 7 बजे मतदान प्रारंभ हुआ था, उसी के चक्कर में कई मतदाता सुबह 7 बजे पहुँच गए थे। मतदाताओ को बताया गया कि 8 बजे से मतदान शुरू होगा, जिसमें कई मतदाता वापिस हो गए। वहीं कई मतदाता 8 बजे का इंतजार करते हुए नजर आएं। मतदान केंद्रो पर शनैः शनैः माहौल गरमाता जा रहा था और मतदाता भी मतदान केंद्रो पर जुटने लगे थे। प्रत्याशी गेट के पास ही मतदाताओं को रिझाने में लगे हुए थे। उदयनगर, शिवनगर, संजय नगर, आमापारा, मांझापारा, कंकालिनपारा में मतदान को लेकर कुछ ज्यादा ही उत्साह देखने को मिला। इन वार्डों में प्रत्याशियों के सर्मथक एक-एक वोट को मतदान करवाने के लिए ला रहे थे। इन मतदान केंद्रों पर प्रत्याशियों के सर्मथक कुछ ज्यादा ही उत्साहित नजर आ रहे थे। शिवनगर, मांझापारा, आमापारा व अन्य कई वार्डों में हल्की फुल्की नोंकझोंक भी हुई। सुरक्षा पर लगे जवानों का कहना था कि प्रत्याशियों को मना करने के बाद भी लाइन के पास तक बार-बार पहुंच जा रहे है। प्रत्याशी मतदान कक्ष में कितने बार जा सकता है, यह तय होना चाहिए। प्रत्याशियों के कारण कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कांकेर नगर पालिका के अधीन समस्त मतदान केंद्रों में भारत स्काउट एवं गाइड्स के स्काउट गाइड के बच्चों ने मतदाता मित्र के रूप में समस्त मतदान केंद्रों के दिव्यांग, बुजुर्ग, गर्भवती महिला पुरुष मतदाताओं को बूथ तक ट्राइसिकल की सहायता से पहुंचाने में अपनी अहम भूमिका निभाई और पानी पिलाने में भी मदद किया।





### भाजपा प्रत्याशी सपत्निक किया मतदान



नगरपालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरूण कौशिक जवाहर वार्ड के मतदान केंद्र पर मतदान करने के लिए सपत्नीक पहुँचे और मतदान करने के उपरांत नगर के सभी वार्ड में चल रहे मतदान का जायजा लेने के लिए सायं 5 बजे तक भ्रमण करके जानाकरी एकत्र करते रहे।

### शारीरिक अक्षमता नहीं बनी बाधा



शरीर की अशक्तता मन की शक्ति को पराजित नहीं कर सकती है। मतदान के दिन यह जज्बा कांकेर शहर के के जवाहर वार्ड की वयोवृद्ध मतदाता कुंवर बाई ध्रुव में देखने को मिला। लकवा रोग से ग्रसित श्रीमती ध्रुव का शरीर काफी अशक्त और निष्क्रिय है। उसके बावजूद उन्होंने सुबह से ही व्हीलचेयर पर बैठकर मतदान केंद्र पहुंचीं और पूरे जोश और उत्साह के साथ मतदान किया। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि शारीरिक अक्षमता मताधिकार का प्रयोग करने के आड़े नहीं आती।

### 72 वर्षीय जयलाल ने किया मतदान

अघननगर वार्ड के शहीद रामकुंवर कन्या शाला मतदान केन्द्र में वोट देने पहुंचे 72 वर्षीय जयलाल यादव को स्काउट गाइड्स के द्वारा व्हील चेयर पर बैठाकर मतदान कराया गया। जयलाल ने कहा कि स्थानीय निकाय के निर्वाचन में वह वोट डालने पहुंचे हैं और अपनी पसंद के अभ्यर्थी को वोट दिया।



### कलेक्टर ने सपत्निक किया मतदान

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर अपनी पत्नी के साथ माहुरबंदपारा मतदान केंद्र पहुँचे और लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार किया और मतदान किया। उन्होंने आम मतदाताओं से भी अपील किया कि सभी अपने मत का जरूर प्रयोग करें। इसके अलावा जिले के अन्य सभी अधिकारी माहुरबंदपारा मतदान केंद्र पर मतदान करने पहुंचे।

### कांग्रेस प्रत्याशी जितेंद्र ठाकुर सपत्निक किया मतदान



नगरपालिका कांकेर के कांग्रेस प्रत्याशी जितेंद्र सिंह ठाकुर अपनी पत्नी नगर पालिका अध्यक्ष सरोज ठाकुर के साथ मतदान करने के लिए मांझापारा मतदान केंद्र पहुँचे। उसके उपरांत पुराने बस स्टैंड पहुँचकर मित्र मंडली के साथ चाय पीते हुए चर्चा किया। इसके उपरांत सभी वार्डों के भ्रमण के लिए निकल गए।

### कांकेर नगरपालिका के अंतर्गत 25 वार्ड में हुआ मतदान का रिकार्ड

| वार्ड | कुल मतदाता | पड़े हुए वोट | वोट का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| अलबेलापारा | 908 | 659 | 72 |
| उदय नगर | 850 | 597 | 70 |
| शिवनगर - 1 | 730 | 565 | 77 |
| शिवनगर -2 | 620 | 467 | 75 |
| माहुरबंदपारा | 821 | 612 | 76.54 |
| जवाहर वार्ड | 1138 | 891 | 78.3 |
| संजय नगर | 1029 | 873 | 84.08 |
| आमापारा | 903 | 722 | 79.00 |
| शीतलापारा | 1140 | 937 | 82.01 |
| श्रीराम नगर | 980 | 813 | 82.09 |
| भण्डारीपारा -1 | 593 | 539 | 90.08 |
| भण्डारीपारा -2 | 634 | 555 | 87.05 |
| महादेव वार्ड | 994 | 878 | 88.32 |
| मांझापारा - 1 | 626 | 517 | 82.58 |
| मांझापारा - 2 | 572 | 420 | 73.43 |
| सुभाष वार्ड | 981 | 742 | 75.63 |
| अन्नपूर्णापारा- 1 | 539 | 475 | 88.12 |
| अन्नपूर्णापारा - 2 | 622 | 506 | 81.35 |
| एमजी वार्ड | 964 | 778 | 80.71 |
| शांतिनगर | 893 | 763 | 85.33 |
| कांकालिनपारा | 776 | 654 | 80.29 |
| बरदेभाटा | 1088 | 784 | 72.06 |
| अघन नगर | 925 | 758 | 81.95 |
| जनकपुर वार्ड | 1043 | 865 | 82.93 |
| राजापारा | 999 | 871 | 87.08 |
| योग | 21223 | 17241 | 80.72 |

कांकेर नगरपालिका के 25 मतदान केंद्रो पर पड़ा मत

### 89 की बुजुर्ग महिला ने व्हीलचेयर में बैठकर डाला वोट

शहर के कन्या हाई स्कूल मांझापारा के मतदान केन्द्र में भंडारीपारा निवासी 89 वर्षीया फूलबासन बाई अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंची थी। उन्होंने बताया कि चाहे विधानसभा चुनाव हो, लोकसभा चुनाव हो या नगरीय निकाय, हर बार वह अपना वोट देती हैं। लगभग 9 दशक की आयु पूर्ण कर चुकीं फूलबासन ने यह भी कहा कि हर बार की तरह इस बार भी बिना किसी के प्रलोभन या बातों में आए वह अपनी पसंद के अभ्यर्थी को वोट दिया। उन्होंने बताया कि उनकी उम्रदराजी इसमें बाधा नहीं बनती।



### पहली बार वोट करने पर दिखा उत्साह

*कांकेर नगर के माहुरबंदपारा वार्ड स्थित आदर्श मतदान केन्द्र में पहली बार मतदान करने आस्था नेताम और रानू गुप्ता पहुंची थी। मतदान करने के बाद उन्होंने पूरे उत्साह के साथ बताया कि वे फर्स्ट टाइम वोटर हैं तथा नगरीय निकाय चुनाव में पहली बार वोट करने आई हैं। आस्था ने यह भी बताया कि वह शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय जगदलपुर में सिविल ब्रांच के साथ अध्ययनरत हैं और मतदान के प्रति जागरूकता और अपने पसंदीदा अभ्यर्थी का चयन करने कांकेर आई हैं।*





## बाइक्स की सीधी भिड़त दो सवारों को आईं चोटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थानांतर्गत कांकेर के ग्राम बाबू साल्हेटोला आम बगीचा के पास दो बाइक के बीच हुई जबरदस्त टक्कर में दो लोगों को चोटें आईं हैं। दोनों को ईलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे साल्हेटोला निवासी 33 वर्षीय देववती हुर्रा पति पवन हुर्रा ने पुलिस को बताया कि नगर सेना कार्यालय कांकेर मे महिला नगर सैनिक के पद पर पदस्थ हूँ। 9 फरवरी को डयूटी दौरान करीबन दोपहर करीबन 3 बजे मेरा देवर अशोक हुर्रा फोन करके बताया कि भैय्या पवन हुर्रा का एक्सीडेंट हो गया है, जिसका जिला अस्पताल में ईलाज हो रहा है। जानकारी मिलते ही तुरंत जिला अस्पताल पहुंची। वहां पर मेरे पति पवन हुर्रा का ईलाज चल रहा था।



■ आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज

जिसे घटना के बारे मे पूछी तो बताया कि वह अपने मोटर सायकल क्रमाक सीजी 19 बी टी 7648 में अपने दोस्त शत्रुघन कोमरा के साथ बाबू साल्हेटोला से ड्यूटी के लिए कांकेर आ रहे थे। दोपहर करीबन ढाई बजे महानदी पुल के पहले बाबू साल्हेटोला आमा बगीचा के पास पहुंचे थे कि सामने की ओर से आ रही आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बी सी 9365 का चालक अपने ▶▶| शेष पेज 10 पर

## हाईस्कूल में पालक-शिक्षक सम्मेलन, परीक्षा पे हुई चर्चा

**कोरर।** मेगा पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन शासकीय हाई स्कूल कोकानपुर में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष माखन मण्डावी रहे। सम्मेलन में विद्यालय की अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम पर चर्चा किया गया। संस्था के प्राचार्य चंद्र शेखर महलवार ने बताया कि शाला का परीक्षा परिणाम 80 प्रतिशत रहा। प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने तथा कम अच्छे बच्चों को उत्तीर्ण करने के लिए विशेष प्रश्नों का संग्रह तैयार कर लगातार अभ्यास करने कहा गया। सभी छात्रों का आईडी नहीं बन पाने का कारण बच्चों के आधार कार्ड में त्रुटि का होना बताया गया। विद्यालय के सभी शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं का परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के लिए पंजीयन पूर्ण हो गया है। विद्यालय में विभिन्न गतिविधियां कराई जाती हैं, जिसमें से गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान छात्र हर्षित जैन, द्वितीय स्थान चांदनी एवं तृतीय स्थान केसिका ने प्राप्त किया, जिन्हें अतिथियों के करकमलों से पुरस्कृत किया गया।



## सड़क दुर्घटना में युवक को आई गंभीर चोटें

**कांकेर।** नरहरपुर में होटल के पास दो बाइक के बीच हुई टक्कर में एक दोपहिया के चालक को गंभीर चोटें आईं, जिसे ईलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया। घटना की शिकायत करने थाना पहुंचे वार्ड क्रमांक 9 नरहरपुर निवासी 30 वर्षीय दीपक साहू पिता स्व. जयप्रकाश साहू ने पुलिस को बताया कि 10 फरवरी को मेरा भाई प्रदीप साहू अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीके 9370 में सवार होकर आंखीहर्रा रोड में स्थित भोजनालय की ओर जा रहा था। संग्राम होटल के पास पहुंचा था कि आरोपी बाहनापानी निवासी गनपत मंडावी द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुऐ मेरे भाई प्रदीप साहू के मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर फरार हो गया। एक्सीडेंट से प्रदीप साहू को गंभीर चोंट आया। जिसे ईलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।




## नगरीय निकाय चुनाव में मतदान का कलेक्टर ने लिया बूथों पर पहुंचकर जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ मतदान करने के लिए युवाओं के साथ बुजुर्गो में दिखा उत्साह

नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत 11 फरवरी को जिले के नगरपालिका परिषद कांकेर सहित नगर पंचायत चारामा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और पखांजूर के मतदान केन्द्रों में वोटिंग हुई। कांकेर नगपालिका के मतदान केंद्रो का जायजा जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर ने लिया वहीं भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, चारामा और पखांजुर में एसडीएम ने जायजा लिया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कांकेर नगर के विभिन्न मतदान केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। आवश्यक कार्रवाई के लिए अफसरों को निर्देश दिया। कलेक्टर ने शासकीय कन्या हाई स्कूल शीतलापारा वार्ड के मतदान केन्द्र क्रमांक 09 का निरीक्षण किया तथा जरूरी सुविधाओं की जानकारी लेत हुए अफसरों को निर्देश भी दिए। इसी तरह मांझापारा वार्ड स्थित मतदान केन्द्र, अन्नपूर्णापारा वार्ड और आदर्श मतदान केन्द्र बरदेभाठा में जिला निर्वाचन अधिकारी ने औचक निरीक्षण एवं अवलोकन किया तथा सभी मतदान अधिकारियों को धैर्य और संयम बरतते हुए सुव्यवस्थित ढंग से मतदान सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। आदर्श मतदान केंद्र में मतदाताओं को बैठने के लिए बेहतर व्यवस्था किया गया था। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में सभी जगह पर शांति ढंग से मतदान हुआ और स्ट्रांग रूम में मतदान दल भी वापिस हो गए। मतदान के दौरान मतदाताओं में उत्साह भी देखने को मिला और सुबह से ही मतदाता मतदान करने के लिए जागरूक नजर आएं। कई मतदान केंद्रो पर 80 साल से ऊपर के भी मतदाता मतदान करने के लिए व्हील चेयर पर आएं, उनकी मदद के लिए स्काउट गाईड्स ने बहुत ही ▶▶| शेष पेज 10 पर





## आम के पेड़ों में आए बौर

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड मुख्यालय दुर्गूकोदल सहित पूरे अंचल में माघ की महीना एवं बसंत ऋतु के आगमन पर आम के पेड़ों में आम का बौर आ गए हैं। बौर आने से बसंत ऋतु का सुहाना मौसम व फूलों की सुगंध एवं मनमोहक सुंदरता से आनंदित करने लगा है। आम के पेड़ में बौर अधिक मात्रा में आने से देखकर ऐसा लगता है कि इस बार फसल अच्छी होगी।



पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

जन्मदिन उत्सव
पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

## एसपी किरण चव्हाण ने किया मतदान

**सुकमा।** एसपी किरण चव्हाण ने आज शासकीय जनपदपारा प्राथमिक शाला सुकमा के मतदान केन्द्र क्रमांक 10 में पहुँचकर मतदान किया। इस दौरान चव्हाण ने नगरीय निकाय के सभी मतदाताओं को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की।

## रैली निकाल बच्चों ने मतदान करने किया जागरूक

**भोंड।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तारतम्य में जागरूकता कार्यक्रम के तहत बस्तर विकासखंड के अंतर्गत प्राथमिक शाला बड़ेपारा संकुल फरसागुड़ा के बच्चों द्वारा संस्था प्राभारी उमाशंकर साहू के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य गांव के लोगों को जागरूक करना साथ ही 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करने के प्रेरित करना था। स्कूली बच्चों के द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर एवं अनेक प्रकार के स्लोगन के द्वारा गांव के लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जैसे-अच्छे मतदाता बने आओ अपनी सरकार चुने, सरकार बनाना आता है क्योंकि हम सब मतदाता है। शिक्षक उमाशंकर साहू के द्वारा बच्चों को अपने घर के सभी मतदाताओं को भी मत देने के लिए प्रेरित करने को कहा गया, जिससे एक मजबूत लोकतंत्र का निर्माण हो सके। आज के कार्यक्रम में एक मुख्य बात यह रहा कि स्कूली बच्चों ने वोटिंग कैसे करते है, वोटिंग बूथ कैसा होता है पूरी जानकारी क्रियाकलापों के माध्यम से समझा साथ ही सभी बच्चों ने वोटिंग भी किया।

### चुनाव: कोंडागांव नपा क्षेत्र में 72.30 प्रतिशत, फरसगांव नपं में 85.77 फीसदी वोट पड़े

# निकाय अध्यक्ष व पार्षदों का भाग्य ईवीएम में कैद जिले में 76.31 फीसदी मतदान, 15 को मतगणना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- केशकाल नगर पंचायत में शाम 5 बजे तक 83.30 प्रतिशत मत डले
- महिलाओं ने 77.13 प्रतिशत व पुरुषों ने 75.42 प्रतिशत मतदान किया

जिले में नगरीय निकाय चुनाव 2025 में मंगलवार को अध्यक्षों व पार्षदों का भाग्य मतपेटियों में कैद हो गया है। मतगणना 15 फरवरी को होगी। निकायों में मतदान प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। इस चुनाव में नगर पालिका कोंडागांव, नगर पंचायत फरसगांव और नगर पंचायत केशकाल में वोट डाले गए। मतदान के दौरान मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और विभिन्न स्थानों पर मतदान प्रतिशत संतोषजनक रहा। 15 फरवरी को मतगणना के बाद प्रत्याशियों का भाग्य तय होगा।



कोंडागांव नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए मुकाबला बेहद दिलचस्प रहा। इस चुनाव में तीन प्रत्याशियों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली। भारतीय जनता पार्टी भाजपा से नरपति पटेल, कांग्रेस से नरेंद्र देवांगन, निर्दलीय उम्मीदवार नीलकंठ शार्दुल तीनों प्रत्याशियों ने जनता का समर्थन जुटाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी। निर्दलीय प्रत्याशी नीलकंठ शार्दुल ने भी भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों को कड़ी टक्कर दी। मतदान संपन्न होने के बाद अब ईवीएम में बंद वोटों का फैसला 15 फरवरी को होगा।

**मतदान प्रतिशत पर एक नजर** – इस चुनाव में जिले के तीनों नगरीय निकायों में कोंडागांव नपा क्षेत्र में 72.30 प्रतिशत, फरसगांव नपं में 85.77 फीसदी वोट पड़े। केशकाल नगर पंचायत में शाम 5 बजे तक 83.30 प्रतिशत मत डाले गए थे। तृतीय लिंग का मतदान 50 फीसदी रहा। इसके अलावा, कुछ वार्डों में मतदान 97 प्रतिशत तक दर्ज किया गया। चुनाव में महिलाओं ने 77.13 प्रतिशत व पुरुषों ने 75.42 प्रतिशत मतदान किया।

**15 फरवरी को होगी मतगणना** – अब जब मतदान समाप्त हो चुका है तो प्रत्याशियों और मतदाताओं की धड़कनें तेज हो गई हैं। मतगणना 15 फरवरी को होगी और इसी दिन यह तय होगा कि कोंडागांव की जनता ने किसे अपना जनप्रतिनिधि चुना है। क्या भाजपा सत्ता पर काबिज होगी या कांग्रेस वापसी करेगी या फिर निर्दलीय प्रत्याशी कोई बड़ा उलटफेर करेंगे। इन सभी सवालों का जवाब 15 फरवरी को मिलेगा।

## युवा, महिला और बुजुर्गों में दिखा गजब का उत्साह



कोण्डागांव। नगरीय निकाय चुनाव 2025 में कोण्डागांव जिले के मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़–चढ़कर भाग लिया। मतदान के प्रति जनता में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला, जिसके चलते जिले में 76.31 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें दिखी। जहां बुजुर्ग, महिला, युवा, दिव्यांग और तृतीय लिंग समुदाय के लोग भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे। कोंडागांव की 95 वर्षीय सोनबत्ती ध्रुव ने लोकतंत्र में अपनी अटूट आस्था का परिचय देते हुए व्हीलचेयर की सहायता से मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया। उनकी यह भागीदारी युवाओं के लिए एक मिसाल बनी। वहीं पहली बार वोट डालने वाले पियांशु साहू ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

**कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण** – कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत और पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने नगर के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने मतदान दलों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, क्योंकि इस बार एक ही वोटिंग मशीन से दो उम्मीदवारों के लिए मतदान किया जा रहा था। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर सुरक्षा की जिम्मेदारी निभा रहे अधिकारियों को निर्देश दिए की मतदान केन्दों के आस पास भीड़ जमा न होने दें।

## मतदान दलों की वापसी पर अधिकारियों ने किया स्वागत

**कोण्डागांव।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत मतदान प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के बाद मतदान दलों की वापसी शुरू हो गई है। इस क्रम में कोंडागांव नगरपालिका के स्वामी आत्मानंद वार्ड में मतदान संपन्न कराने गए दल की सबसे पहली वापसी हुई। मतदान दल के लौटने पर उपनिर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चार्ली ठाकुर एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी अजय सिंह उराव ने आत्मीय स्वागत किया। अधिकारियों ने शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने पर मतदान दल के सदस्यों की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिससे लोकतंत्र की नींव और मजबूत होती है। गौरतलब है कि जिले में तीन नगरीय निकाय कोंडागांव, फरसगांव, केशकाल, में अलग अलग तीन स्ट्रांग रूम बनाया गया है। जहाँ से मतदान दल कल रवाना हुए थे। आज मतदान के बाद ये दल अपनी अपनी नगरीय क्षेत्र के स्ट्रांग रूम में वापस हुए।



## मंडी परिसर में बनाया जाएगा किसानों के लिए भवन, इंजीनियरों ने किया सर्वे



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कोपागुड़ा में स्थित कृषि उपज मंडी में किसानों को विश्राम के लिए सुविधा नहीं होने से गांव के पहुंचने वाले कृषकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। किसानों की सुविधा के लिए राज्य कृषि विपणन मंडी बोर्ड के निर्माण शाखा द्वारा कृषक भवन बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए हॉल ही में इंजीनियरों ने मंडी परिसर में पहुंचकर सर्वे किया है। इस भवन के निर्माण से गांव-गांव से उपज लेकर पहुंचने वाले किसानों को राहत मिलेगी। हालांकि जगदलपुर मंडी परिसर में कृषक विश्राम भवन बना गया था पर उसका उपयोग नहीं किया गया। साथ ही मंडी परिसर कोपागुड़ा में स्थानांतरित होने से यह विश्राम भवन बेकार हो गया।

### इंजीनियरों को दिए निर्देश

राज्य कृषि विपणन मंडी बोर्ड निर्माण शाखा के कार्यपालन अभियंता आईए खैरानी ने इंजीनियरों को निर्देश दिया कि कृषक भवन का निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखें।

## नो- पॉर्किंग और ओवरलोड वाहनों पर विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर संभाग की सभी सड़कों में चालक, मालिक बेखौफ नो-पॉर्किंग एवं ओवरलोड वाहनें चल रहे हैं। इसके अलावा बिना ढके हुए ट्रकों में रेत, गिट्टी, मुरूम परिवहन करने से दूसरे वाहनों से लोगों को परेशानी हो रही है। साथ ही सीमावर्ती राज्यों ओडिशा, आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना की वाहनों बेखौफ परिवहन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। शहर के लालबाग, आनंद ढाबा, बोधघाट, एनएच, सरगीपाल रोड के दोनों ओर नो-पार्किंग में ट्रकों के खड़ी रखने से जहां दुर्घटना की संभावना रहती है और आवागमन जाम से लोगों को परेशानी हो रही है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में लोहंडीगुड़ा, दरभा, कुरंदी, लामनी सहित स्टेट हाईवे पर ट्रैक्टर, पिकअप से सवारी ढोने का नजारा देखने को मिला। ऐसे वाहनों में कई लोग तो आधे बैठे रहे और कई लटक रहे हैं। पिकअप, ट्रैक्टर, मेटाडोर जैसे वाहनों ने ग्रामीणों के लिए यात्री गाड़ियों का रूप ले लिया है। सड़कों पर ऐसे वाहनों में लोग बेधड़क होकर सफर कर रहे हैं। इस ओर परिवहन विभाग का ध्यान नहीं है।

### वाहनों पर हो रही कार्रवाई

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि जांच के दौरान कार्रवाई की जा रही है, परिवहन नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन जप्त कर कोर्ट भेजा जाएगा। मालयान पर सवारियां लाना, ले जाना गैर-कानूनी है, ऐसे वाहन के चालकों एवं मालिकों पर सख्ती की जा रही है।

## कलेक्टर लगे लाइन में, डाला वोट...



**कोण्डागांव।** कोंडागांव कलेक्टर कुणाल दुदावत ने अपनी पत्नी के साथ शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मतदान केंद्र पर लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया। बारी आने पर कलेक्टर दुदावत और उनकी पत्नी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## मयूर डोंगर में बच्चों ने देखा-सुना पीएम नरेंद्र मोदी का परीक्षा पे चर्चा का प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को पीएम ने दिए महत्वपूर्ण टिप्स
- परीक्षा को एक दबाव की तरह नहीं, उत्सव की तरह लें

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मयूर डोंगर में विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रिय संवाद श्रृंखला परीक्षा पे चर्चा 2025 का सीधा प्रसारण देखा और सुना। इस विशेष कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों से संवाद किया और परीक्षा से जुड़ी उनकी शंकाओं का समाधान किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने परीक्षा के तनाव को दूर करने, आत्मविश्वास बढ़ाने और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए छात्रों को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने बच्चों से कहा कि परीक्षा को दबाव की तरह नहीं, बल्कि एक उत्सव की तरह लें और अपने डर को अवसर में बदलें। प्रधानमंत्री ने अभिभावकों और शिक्षकों से भी आग्रह किया कि वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें, बल्कि उन्हें प्रोत्साहित करें और उनकी क्षमताओं को पहचानने में मदद करें। उन्होंने कहा, अंक महत्वपूर्ण हैं, लेकिन ज्ञान और सीखने की जिज्ञासा सबसे अधिक मायने रखती है।

**परीक्षा के दौरान आत्मविश्वास मनाए रखें**– प्रधानमंत्री मोदी ने विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान आत्मविश्वास बनाए रखने के लिए कई टिप्स दिए। समय प्रबंधन पढ़ाई के दौरान एक उचित टाइमटेबल बनाएं और सभी विषयों को समान महत्व दें। रटने के बजाय समझें, विषयों को रटने की बजाय उनकी गहराई से समझने की आदत डालें। सकारात्मक सोच, परीक्षा के प्रति सकारात्मक नजरिया रखें और आत्मविश्वास बनाए रखें। मनोरंजन और आराम भी जरूरी है। पढ़ाई के साथ–साथ खेलकूद और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भी भाग लें। डिजिटल डिस्ट्रैक्शन से बचें। सोशल मीडिया और मोबाइल फोन के अधिक उपयोग से बचें और पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें।





**बच्चों और शिक्षकों में दिखा उत्साह** – विद्यालय में इस कार्यक्रम को लेकर बच्चों और शिक्षकों में भारी उत्साह देखने को मिला। सभी ने प्रधानमंत्री के सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें अपनी पढ़ाई में लागू करने का संकल्प लिया। विद्यालय के प्राचार्य मुकेश सैमसन ने कहा, प्रधानमंत्री जी द्वारा दिए गए टिप्स विद्यार्थियों के लिए बहुत प्रेरणादायक हैं। यह कार्यक्रम न केवल परीक्षा के डर को दूर करता है, बल्कि छात्रों को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनने के लिए भी प्रेरित करता है। छात्र–छात्राओं ने भी इस कार्यक्रम को बेहद उपयोगी बताया। कक्षा 12वीं कृषि व कला संकाय के छात्र व छात्राओं तोमेश्वरी, मीना, पुनीता,सावित्री, राधेश, रुबेन आदि ने बताया कि पीएम मोदी ने जो बातें बताईं, वे हमारी परीक्षा की तैयारी में बहुत मदद करेंगी। अब परीक्षा को लेकर हमारी चिंता व घबराहट कम हो गई है।

**ये रहे मौजूद** – विद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रमों को देखने और विद्यार्थियों तक प्रधानमंत्री के संदेश पहुंचाने की योजना बनाई है। इस आयोजन में प्राचार्य मुकेश सैमसन, जमील अहमद, यशवंत देवांगन, दिनेश गंधर्व, जीवन धर नेताम, हेमंत देहरी, संजीव तालुकदार, रीता प्रधान, दुलेश्वरी दरोंर्, प्रमानन्द बैद्य, राजीव मरकाम व समस्त छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## मतदाता जागरूकता जाबो कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस एस के निर्देशानुसार जाबो कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में विकासखंड जगदलपुर, दरभा और बस्तर में जाबो कार्यक्रम आयोजित किया गया। जाबो कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े समूह की महिलाओं द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में वृहद रूप से स्व सहायता समूह के ग्राम संगठन एवं संकुल संगठनों के माध्यम से ग्राम और पंचायत स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है जिसमें मतदाता जागरूकता रैली बैनर व पोस्टर द्वारा, जागरूकता हेतु मतदाता शपथ, रंगोली कार्यक्रम, मेंहदी कार्यक्रम और मानव श्रृंखला बनाकर तख्ती में मतदान जाबो कार्यक्रम किया जा रहा है।



## पहली बार वोट डालने रायपुर से पहुंची जया पिता के साथ केंद्र पहुंचकर किया मतदान

**जगदलपुर।** धरमपुरा निवासी शिक्षक अजय शर्मा अपनी बेटी जया शर्मा के साथ वोट डालने मतदान केंद्र पहुंचे। उनकी पुत्री जया शर्मा रायपुर में बीएससी ऑप्टोमेट्री की छात्रा है। पहली बार उसने वोट डाला। अपने अनुभव के बारे में मतदान को लेकर उसने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि पहली बार मतदाता सूची में नाम आने से काफी उत्साहित हूं। इसलिए रायपुर से वोट देने के लिए अपने घर जगदलपुर आई हुई हूं। मेरा घर लोकमान्य तिलक वार्ड में है। पहली बार मतदान करने पर बहुत अच्छा लग रहा है कि नगर सरकार बनाने में मैंने सहभागिता निभाई है। नगर का सर्वांगीण विकास हो यही सोचकर उचित उम्मीदवार को अपना मत दी हूं। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में पहली बार दो उम्मीदवारों को वोट देने की पहल की गई है इसे भी जानने समझने का अवसर मुझे आज मिला। इसमें मुझे वोट देने में कोई परेशानी नहीं हुई आधे मिनट में ही मेरा वोट संबंधित उम्मीदवार को चला गया।

## किरण और मलकीत ने वृद्ध मतदाताओं को दिया सहारा

**जगदलपुर** । सबसे पहले वोट डालने के लिए महापौर पद के दोनों प्रत्याशी संजय पाण्डेय और मलकीत सिंह गैदू पूजा पाठ के बाद मतदान केंद्र पहुंचकर परिवार सहित वोट डाला। वहीं विधायक किरण देव भी सपरिवार मतदान केंद्र पहुंचे और वोट दिए। उनके अलावा राजीव शर्मा भी सपरिवार पहुंचे। सुशील मौर्य समेत पार्षद पद के सभी प्रत्याशी सबसे पहले मतदान के बाद अपने वार्ड में मतदाताओं का समर्थन पाने के लिए मतदान केंद्र के बाहर पहुंच गए। वहीं दोनों दल के लोग बड़ी संख्या में पर्ची लेकर के डटे रहे। जो वार्ड के अधिक से अधिक मतदाताओं का समर्थन पाने के लिए हाथ जोड़कर निवेदन करते रहे। वहीं पार्षद पद के निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी इस चुनाव में जमकर पसीना बहाया। वोट डालने पहुंचे किरण देव और मलकीत सिंह की नजर कमजोर और वृद्ध मतदाताओं पर पड़ी, जिसे सहारा देकर उन्होंने मतदान करवाया।

**पेज 9 का शेष**

### बाइक्स की सीधी...

वाहन को तेज लापरवाही एवं उतावलेपन से चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे हम दोनों मोटर सायकल सहित जमीन पर गिर गए, एक्सीडेंट से चोटें आई हैं। महिला नगर सैनिक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### नगरीय निकाय...

अच्छे ढंग से मदद करते हुए मतदान करवाया। स्काउट गाईड का प्रयास बहुत ही सराहनीय रहा। शांतिपूर्ण मतदान होने पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी टीम को बधाई भी दिया। निरीक्षण के दौरान इस अवसर पर एसडीएम अरूण वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक मारबल तथा नगरपालिका कांकेर के सीएमओ सोहेल कुमार भी उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**



## जंगली सुअर का शिकार करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार



**धमतरी।** जिले के जंगल में वन्य प्राणियों का शिकार बदस्तूर जारी है। शहर से 13 किमी दूर तुमराबहार के जंगल में पोटाश बम से जंगली सुअर का शिकार करने वाले 3 आरोपियों को वन विभाग ने गिरफ्तार किया है। वहीं एक आरोपी फरार हो गया। पकड़े गए आरोपी स्टेशनपारा धमतरी निवासी हैं। इनमें दो भाई भी शामिल हैं। आरोपियों से सुअर का मांस, सत्तू, इलेक्ट्रानिक तराजू, पोटाश बम बरामद हुआ है। धमतरी वन विभाग के रेंजर संदीप सोम ने बताया कि रविवार को मुखबीर से सूचना मिली कि कुछ लोग तुमराबहार के जंगल में सुअर का शिकार कर बेचने की तैयारी में है। सूचना पर वन विभाग की टीम ने घेराबंदी कर तुमराबहार के जंगल में जंगली सुअर का मांस ले जा रहे बाइक सवारों का पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से 24 किलो जंगली सुअर का मांस, पोटाश बम, सत्तू, इलेक्ट्रानिक तराजू जब्त की गई। जंगली सुअर वन्य प्राणी है। वन्य प्राणी अधिनियम के तहत धमतरी स्टेशनपारा निवासी अर्जुन सिंग पिता शेरू सिंग उम्र 34 वर्ष, लखन सिंग पिता शेरू सिंग 32 वर्ष वन्य पर वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 32, 50(स), 51, 44 (अ) के तहत कार्रवाई की गई है।

## अटंग में रामायण स्पर्धा 26 से, मड़ई 1 को

**सिर्री।** ग्राम अटंग में युवा संघर्ष समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 26 फरवरी से 28 फरवरी तक रामायण प्रतियोगिता एवं 1 मार्च को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए गोपाल बलराम छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी निपानी बालोद की प्रस्तुति होगी।

### सुबह 8 बजे से मतदान केन्द्रों में दिखी रौनक

# लोकतंत्र को सशक्त और मजबूत बनाने मतदाता हुए उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

नगरीय निकाय चुनाव के तहत बीजापुर जिले के एक मात्र नगर पालिका बीजापुर में मतदान सुबह 8 बजे से शुरू हुआ। नगरपालिका के 15 वार्डों के कुल 18 मतदान केन्द्रों में सुबह से रौनक देखने को मिला नया वोटर्स सहित बड़े बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक मतदान कर लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपनी सहभागिता दी, सुबह से ही मतदान केन्द्रों में रौनक देखने को मिला। नगरपालिका बीजापुर में कुल 58.71 प्रतिशत मतदाताओं ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग, नगरपालिका बीजापुर में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ।



### जिला निर्वाचन अधिकारी ने आधे घंटे लाईन में लगकर डाला वोट

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संबित मिश्रा ने पनारापारा मतदान केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कलेक्टर को लाईन में लगकर मतदान करने के लिए आधा घंटा लगा, लोगों के मतदान की उत्सुकता के कारण केन्द्रों में सुबह से ही भीड़ देखने को मिला। कलेक्टर ने मतदाताओं को मतदान करने की अपील की, जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव एवं रिटर्निंग आफिसर जागेश्वर कौशल ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता दी।

### सेल्फी जोन, पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण पर आधारित आदर्श मतदान केन्द्र रहा आकर्षण का केन्द्र

आदर्श मतदान केन्द्रों में सेल्फी जोन पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण पर आधारित आदर्श मतदान केन्द्र आर्कषण का केन्द्र रहा जिसमें मतदाताओं ने सेल्फी ली और प्रकृति के बीच में रहने का सुखद अनुभव भी किया। आदर्श मतदान केन्द्र बालक हायर सकेण्डरी स्कूल में इन्द्रावती टाईगर रिजर्व एवं सामान्य वनमंडल द्वारा विलुप्त हो रहे वन्य जीव गिद्ध के संरक्षण पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जो लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहा। वहीं वार्ड क्रमांक 06 के मतदान केन्द्रों में बच्चों के लिए गेम एवं खिलौने की व्यवस्था से मतदाता उत्साहित नजर आए।






### जिला प्रशासन की व्यापक तैयारियों की वजह से सुगमतापूर्वक मतदान

मतदान केन्द्रों में छाया, पेयजल, रैम्प सहित मतदाताओं की सुविधाओं की व्यापक तैयारियों के वजह से मतदान की प्रक्रिया सुगमतापूर्वक संचालित हुई। लोकतंत्र की मजबूती और मताधिकार का प्रयोग करने वरिष्ठ नागरिकों एवं मीडिया प्रतिनिधियों में भी उत्साह देखने को मिला। एनसीसी, एनएसएस, रेडक्रॉस एवं स्काउट गाईड के विद्यार्थी, वालिंटियर्स के रूप में मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग, असहाय, बुजुर्ग मतदाताओं को सुगमतापूर्वक मतदान कराने बेहतर सहयोग रहा।






## अष्टम प्रहर हरिनाम संकीर्तन का समापन...



जगदलपुर। बंगीय समाज में 3 दिन से चल रहे धार्मिक कार्यक्रम अष्टम प्रहर हरिनाम संकीर्तन का समापन मंगलवार को हुआ। जहां विदाई की बेला में बाहर से आने वाले मंडली के लोग स्थानिय श्रद्धालुओं के साथ गले मिलते हुए आंख से निकलते आंसू के साथ भावविभोर होकर विदा हुए। बंगीय समाज के अध्यक्ष मनोरंजन राय समेत अन्य मौजूद रहे।

# ड्यूटी के साथ कमजोर व वृद्ध लोगों की जवानों ने की मदद

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

नगरी निकाय चुनाव में मंगलवार को मतदान के दौरान मतदान केन्द्रो में चाकचौबंद सुरक्षा व्यवस्था देखी गई। मतदान केन्द्रों में जवानों को बीते रात से सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात किया गया था। सुबह आठ बजे मतदान शुरू होते ही जवान मतदाताओं को जांच उपरांत मतदान केन्द्रों में प्रवेश करने दे रहे थे। इस बीच वृद्ध व कमजोर मतदाताओं को व्हील चेयर से उतारकर मतदान कक्ष तक ले जाने में मदद भी करते दिखे। गौरतलब है कि मतदान प्रक्रिया शुरू होते ही कुछ मतदान केन्द्रों में ईवीएम में खराबी आने के बाद मतदान में विलंब हुआ इस दौरान मतदाताओं की लंबी कतार लग गई। भैरमदेव वार्ड के मतदान केन्द्र स्थित शताब्दी शाला में मतदान प्रारम्भ होते ही ईवीएम में खराबी आ गई जिससे लगभग 50 मिनट तक मतदान प्रभावित हुआ जिसके बाद ईवीएम बदलने के बाद मतदान शुरू हो पाया। इस बीच मतदाताओं की लंबी कतार लग गई। इन मतदाताओं में कुछ बुजुर्ग मतदाता भी शामिल थे जिन्हें वाहनों से लाया गया था। मतदान केन्द्र के बाहर उतारने के बाद सुरक्षा के लिए तैनात जवानों द्वारा उन्हे व्हील चेयर से मतदान कक्ष तक ले जाकर मतदान करने में मदद की गई। इसी तरह अन्य कुछ मतदान केन्द्रों में ईवीएम में खराबी के चलते मतदान विलंब से शुरू हो पाया।

- व्हील चेयर से मतदान केन्द्रों तक ले जाकर मतदान कराने
- मतदान केन्द्रों में दिखी चाकचौबंद सुरक्षा व्यवस्था



## भौतिक शास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 15 को

**धमतरी।** शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में बीएससी भाग-02 एवं बीएससी भाग-03 के भौतिक शास्त्र विषय के नियमित, स्वाध्यायी एवं भूतपूर्व छात्राओं की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 15 फरवरी को प्रातः 8 बजे से आयोजित है। सभी परीक्षार्थी प्रेक्टिकल रिकार्ड के साथ परीक्षा के दिन समय से आधा घण्टा पूर्व अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

### वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 18 से

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीएससी भाग दो रसायनशास्त्र विषय की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 18 फरवरी एवं बीएससी भाग दो की परीक्षा 19 फरवरी को होगी। परीक्षार्थी निर्धारित तिथि में प्रायोगिक सामग्री के साथ समय से आधा घण्टा पूर्व अपनी उपस्थिति विभाग में सुनिश्चित करेंगे।

# बकावंड की बत्ती एक साल से गुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

ग्राम पंचायत बकावंड की बत्ती एक साल से गुल है। सोलर एनर्जी यानि सूरज देवता की ऊर्जा से बस्ती की सड़कों और गलियों को रौशन करने की योजना पर ग्रहण लग गया है। इससे क्रेडा की बड़ी लापरवाही उजागर हो रही है।

क्रेडा विभाग द्वारा बस्तर जिले के गांवों में एक साल पहले सौर ऊर्जा चलित हाई मास्ट लाइटें लगाई गई थीं। इस कार्य में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है। स्तरहीन पैनल, खंभे और बल्ब लगाए गए थे। इसका नतीजा यह हुआ कि लाखों खर्च करने के बाद भी ये लाइटें ज्यादा दिन तक रौशनी नहीं बिखेर पाईं। सूर्य ऊर्जा के उपयोग की योजना को भ्रष्टाचार का ग्रहण लग गया है। बकावंड ब्लॉक मुख्यालय में हाई मास्ट सोलर लाइट सिस्टम का हाल बेहाल है। सोलर हाई मास्ट लाईट लगने के बाद ग्राम पंचायत ने अपने स्तर पर की जाने वाली स्ट्रीट लाइट व्यवस्था से हाथ खींच लिया। अब बस्ती वासी न घर के रह गए हैं, न घाट के। सारी



की सारी सोलर लाईटें सालभर से बंद पड़ी हैं। रात में सड़कों पर अंधेरा पसरा रहता है, जिसके कारण आवागमन में ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। शाम 6 बजे से मुख्य चौक पर अंधेरा छा जाता है। इस कारण दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। गांव की मुख्य सड़कों और गलियों में घुप अंधेरा छाया रहता है। स्थिति यह है कि ग्राम पंचायत और क्रेडा की लापरवाही के कारण हाई मास्क लाइट्स की नियमित देखभाल नहीं हो रही है। इसके अलावा, कुछ शरारती तत्वों ने कब्जा बनाकर रखा है। हाई मास्ट लाइट्स बंद रहने का सबसे ज्यादा असर गांव के बुजुर्गों और बच्चों पर पड़ रहा है। बुजुर्गों को शाम के समय बाहर बैठने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि बच्चे अपने चौक के पास सामने खेल नहीं पा रहे हैं। गांव के मुख्य मार्गों से लेकर छोटी गलियों तक स्ट्रीट लाइट की सुविधा नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत द्वारा स्ट्रीट लाइट लगवाने का उद्देश्य तो पूरा नहीं हो रहा है, बल्कि उल्टे सार्वजनिक संपत्ति की बर्बादी हो रही है। इस समस्या के समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। ग्राम पंचायत बकावड़ में बिजली खम्भों पर लगी स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं। सालों से खराब लाइटों को ठीक नहीं कराया गया है।

### क्रेडा से करूंगा बात

सोलर हाई मास्ट लाईट हमारे अधीन नहीं है। इसकी सारी व्यवस्थाएं क्रेडा सम्हालता है। सोलर हाई मास्ट लाइट्स को सुधारने के लिए जल्द क्रेडा के अधिकारियों से चर्चा कर व्यवस्था सुधारने की पहल की जाएगी।

-पारेश्वर कुर्रे,
सीईओ, जनपद पंचायत बकावंड

## अवैध शराब की तस्करी करते तीन गिरफ्तार

**धमतरी।** मोटरसाइकिल से अवैध रूप से बिक्री के लिए शराब परिवहन कर रहे तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नगरीय निकाय चुनाव के चलते शराब दुकानों को बंद रखने के निर्देश जारी होते ही शराब कोचिये सक्रिय हो गए। शुष्क दिवस पर अवैध रूप से शराब की बिक्री करने स्टॉक करना शुरु दिए हैं। रविवार को कोचिये दिन में ही शराब दुकानों से बड़ी मात्रा में शराब ले जाते पकड़े गए। अवैध रूप से शराब परिवहन करने वालों की ताक में बैठी कोतवाली पुलिस को मुखबीर से बिलाईमाता मंदिर के बाजू स्थित गौशाला मैदान के पास एक व्यक्ति द्वारा मोटरसाइकिल से शराब परिवहन किए जाने की सूचना मिली। पेट्रोलिंग टीम तत्काल मौके पर पहुंची। जहां एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर सवार होकर गौशाला मैदान से गुजर रहा था। पुलिस ने उक्त व्यक्ति को रोककर पूछताछ करने पर अपना नाम कमल ध्रुव बताया। तलाशी लेने पर मोटरसाइकिल से 30 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद हुई। उक्त शराब की कीमत 2700 रुपए है।

## पूरे प्रदेश में बनेगी भाजपा की नगर सरकार : देव

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

विधायक तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव ने आज के मतदान के विषय में पत्रकारों से चर्चा में कहा कि मुख्यमंत्री का सुशासन और प्रधानमंत्री की गारंटी के



तहत प्रदेश और पूरे देश में हो रहे जनहित और विकास के कार्यों के चलते आज हुए नगरीय निकाय के चुनाव में भी पूरे प्रदेश में भाजपा की नगर सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि लोगों के विश्वास का वातावरण पूरे प्रदेश में दिखाई पड़ा। लोग बुनियादी सुविधा के साथ-साथ तेज विकास चाहते हैं। भाजपा ऐसी पार्टी है जो सभी वर्ग के विकास और उत्थान के लिए कार्य कर रही है। हमारी सरकार जब शहर के नगर निगम में थी तब जितना काम हुआ शहरवासी जानते है। जो भी इंफ्रास्ट्रक्चर दिख रहा है वह हमारे समय के महापौर के कार्यकाल का है। मतदान को देखकर लग रहा है कि संजय पाण्डेय महापौर बनेंगे और बड़ी संख्या में भाजपा पार्षद जीत कर आएंगे।

## जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा : मलकीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर निगम जगदलपुर के महापौर प्रत्याशी मलकीत सिंह गैदू ने आज हुए मतदान पर कहा कि जनता का प्यार और आर्शिवाद हमेशा की तरह इस बार भी मिलेगा। पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने कहा कि लोगों ने भाजपा शासन के एक साल के काम को देखा है। कुछ भी काम



साल भर के इस सरकार में नहीं हुआ है। विधायक भी हवा हवाई बात कर करोड़ों की सौगात देने की झूठी बात कह रहे हैं। जबकि जनता जान रही है कि कांग्रेस के समय दलपत सागर से लेकर खेल मैदान और महारानी अस्पताल का बेहतर संचालन हुआ है। उन्होंने कहा कि जनता हमें जीताकर नगर सत्ता सौप रही है ऐसी आज के वातावरण को देखकर उम्मीद कर रहा हूं। हमारे अधिक पार्षद भी जीत कर आएंगे। मलकीत सिंह ने लोगों के मतदान केन्द्र में आकर वोट देने के लिए आभार व्यक्त करते कहा कि हम सब मिलकर जगदलपुर शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और विकसित बनाने का काम करेंगे। हमने अपने चुनावी घोषणा पत्र में जो वादा किया है उसे पूरी ताकत से पूर्ण करेंगे।

# बटालियन ने बच्चों को दिए स्कूल बैग





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पुलिस उप महानिरीक्षक, परिचालनिक रेंज सीआरपीएफ सुकमा आनंद सिंह राजपुरोहित के मार्गदर्शन एवं कमाण्डेंट 226 बटालियन सीआरपीएफ धन सिंह बिष्ट के निर्देशन एवं उपस्थिति में एफ-226 बटालियन के गोरगुंडा कैम्प में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। प्रोग्राम में विभिन्न गावों जैसे गोरगुंडा, देवरपल्ली, पुनपल्ली, नेलवाडा, तोयापारा, रेगापारा, मेडवाही, अंबेडकर पारा, एटागुडा तथा बंजारीपारा के आम नागरिकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया तथा 500 से अधिक स्कूली बच्चे, पुरूष, महिलाएं तथा बुजुर्ग उपस्थित हुए। इस प्रोग्राम के तहत स्थानीय नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ जल के संरक्षण हेतु ग्रामीणों को वाटर सिंटेक्स के वितरण किया गया। साथ ही गांव के स्कूली बच्चों को स्कूल वर्दी, नोट बुक, रबड़, पेंसिल, शार्पनर, पेंसिल-बॉक्स स्कूल बैग, गांव के पुरूषों को गमछा, लुंगी तथा महिलाओं को साड़ी, बर्तन व बुजुर्गों को कम्बल, चप्पल, खाने के लिए स्टील प्लेट-ग्लास, जरूरतमंद किसानों को खेती करने के लिए उपकरण गैती, फावडा तथा मनोरंजन हेतु टेलीविजन, घरों को रोशन करने हेतु सोलर लालटेन, नवयुवकों को खेल के प्रति जागरूक करने व उनके मनोबल को बढ़ाने हेतु विभिन्न खेल सामग्रियों जैसे क्रिकेट-किट, टेनिस-बॉल, वॉलीबाल, वॉलीबाल-नेट, फुटबाल आदि सामानों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम व हर घर तिरंगा के तहत ग्रामीणों व बच्चों को जोड़कर पौधरोपण तथा तिरंगा वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त आस पास के गांव के बीमार ग्रामीणों के लिए चिकित्सा शिविर लगाकर स्थानीय स्वास्थय केन्द्र के चिकित्सकों के साथ-साथ 226 बटालियन के चिकित्सा अधिकारी, डॉ बालाकृष्णा की देख-रेख में रोगियों को दवाई तथा न्यूट्रिशन इत्यादि का वितरण किया गया। लगभग 100 से अधिक रोगियों तथा कुपोषित बच्चों व महिलाओं का निःशुल्क परीक्षण एवं ईलाज किया गया। इस दौरान उप कमाण्डेंट अनुरंजन, अभिषेक कुमार, अंशुल मिश्रा, सहायक कमाण्डेंट 226 बटालियन के अतिरिक्त दूरस्थ गांवों के सरपंच, उप-सरपंच, शिक्षक, पटेल उपस्थित रहे।

- 226 बटालियन का सिविक एक्शन प्रोग्राम

# नहीं रूक रही रेत खदानों में मनमानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

कार्रवाई के नाम पर सिर्फ रेत से भरे वाहनों को पकड़ा जा रहा है। अवैध खदानों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है और न ही खदान चलाने वालों पर कोई एक्शन लिया जा रहा है। खनिज विभाग ने 9 रेत घाटों को मंजूरी दी है, लेकिन इससे तीन गुना अधिक अवैध रेत खदान चल रही है। इन रेत खदानों से लगातार अवैध उत्खनन हो रहा है।

- वैध से ज्यादा अवैध रेत खदानों से हो रही निकासी



हर बार चुनाव में रेत खदान का मुद्दा उठता है। जनप्रतिनिधि हर बार अवैध उत्खनन रोकने का वादा करते हैं, लेकिन आज तक अवैध उत्खनन नहीं रूका है। बल्कि अब तो सफेदपोश नेताओं के संरक्षण में खुलेआम रेत की चोरी हो रही है। मुड़पार, अछोटा, कोलियारी, अमेठी, परसुली, दर्री, खरेंगा, सारंगपुरी सहित लगभग सभी रेत खदानों से बेधड़क रेत की निकासी हो रही है। अधिकारियों को भी मालूम है कि इन खदानों से धड़ल्ले से रेत की निकासी हो रही है। इसके बाद भी खदानों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। केवल अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

Health Town
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### परीक्षा पे चर्चा व कक्षा 12 वीं के बच्चों को दी गई विदाई

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत शाउमावि कोदापाखा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थी एवं शिक्षकगण सम्मिलित हुए। दोपहर में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए जुनियर छात्र-छात्राओं ने विदाई कार्यक्रम आयोजित किया। सीनियर छात्र-छात्राओं को डायरी व कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने संस्था में बिताये अपने संस्मरण सुनाए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मनोरंजक खेल प्रस्तुत किए। अपने ही शिक्षकों का मिमिक्री कर वाहवाही लूटा। सीनियर विद्यार्थियों ने संस्था को लेक्चरर स्टैंड व घड़ी भेंट कर विद्यालय के प्रति सम्मान व कृतज्ञता के भाव प्रकट किए। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छे अंको से सफलता प्राप्त करने पर जोर दिया।

### आमागढ़ का वार्षिक मेला लगाया जाएगा 6 मार्च को

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत हानपतरी के आश्रित ग्राम आमागढ़ का वार्षिक मेला 6 मार्च को आयोजित किया गया है। ग्राम गायता विषम राणा, रामप्रसाद दुग्गा, शिवलाल निषाद, संतऊराम ताराम व संजय नरेटी ने बताया कि ग्राम आमागढ़ का वार्षिक मेला में आसपास के ग्रामीण, देवी-देवता, गायता, पटेल, व्यापारी, बच्चे, युवक-युवती व महिला-पुरुष शामिल होंगे।

### मन्हाकाल में दो दिवसीय मेले का आयोजन 17 से

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम मन्हाकाल का दो दिवसीय मेला 17 और 18 फरवरी को होगी। मेले में 20 गांव के ग्रामीण और देवी देवता शामिल होंगे। यह जानकारी ग्राम पटेल बिकेश कुमार ध्रुव, गायता फागूराम ध्रुव, असऊराम ध्रुव, अर्जुन नेताम, बृजलाल हुर्रा, कारजीराम हुपेंडी, अंकालू उइके, पुजारी बिसरूराम कोमरा ने दिया है।

### सेवा, समर्पण और संकल्प के साथ जगदलपुर को संवारेंगे

**जगदलपुर।** भाजपा महापौर प्रत्याशी संजय पाण्डे ने मतदाताओं, क्षेत्रवासियों व चुनाव ड्यूटी में तैनात सभी कर्मचारियों, अधिकारियों, पुलिस बल, सुरक्षा कर्मियों और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग व अथक परिश्रम से नगरीय निकाय चुनाव सफलता पूर्वक पूर्ण हुआ है। महापौर सीट सहित 48 पार्षद की सीट हम बहुमत से जीतने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव के दौरान जिस तरह मतदाताओं में भाजपा के प्रति उत्साह दिखाया, उससे हमें पूरा विश्वास है कि हम जगदलपुर की सभी सीट बड़े अंतराल से जीतेंगे। शहर में शांतिपूर्ण मतदान के लिए चुनाव आयोग, पुलिस प्रशासन तथा मीडिया को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने लोकतंत्र के इस महोत्सव को सफल बनाने के लिए मतदाताओं का आभार प्रकट किया है। भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं ने दिन रात परिश्रम की है।

## लाइन में खड़े होकर आईजी, कलेक्टर और एसपी ने किया मतदान...





**जगदलपुर।** लालबाग स्थित भगतसिंह स्कूल में आईजी सुंदरराज पी. ने कतार में खड़े होकर मतदान किया। वहीं कलेक्टर हरीश एस. और एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने भैरमदेव वार्ड के मतदान केन्द्र में एक साथ पहुंचकर वोट डाले। इस दौरान मतदान केन्द्र में मतदाता लाईन लगाकर वोट देने के लिए मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने भी मतदाताओं के साथ लाईन में खड़े होकर अपनी बारी आने पर मतदान किया। साथ ही तीनों अधिकारियों ने फोटो खिंचाकर यह संदेश भी दिया कि लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करना सबसे जरूरी काम है। वोट देकर सही प्रतिनिधी चुनना हरेक नागरिक का कर्तव्य है। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने भी वोट देकर जनता से हर हाल में वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदान सबसे पहला काम होना चाहिए,ऐसा मौका 5 साल में एक बार मिलता है।

### डीपीएम व डीआईओ बस्तर ब्लॉक के औचक निरीक्षण पर पहुंचे

# स्वास्थ्य सेवा में असंतोष पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वास्थ्य विभाग बस्तर जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीना एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी मैत्री बस्तर विकासखंड के औचक निरीक्षण पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घोटिया पहुंचे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन घोटिया की जर्जर व्यवस्था को देखकर इसकी मरम्मत हेतु आवश्यक कार्य करने के लिए प्रभारी को निर्देश दिए। शासकीय अभिलेखों के संधारण में काफी कमी पाई जाने पर और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कर्मचारियों द्वारा दी जारी स्वास्थ्य सेवा पर असंतोष जाहिर करते हुए अधिकारियों ने काफी नाराजगी व्यक्त की एवं कार्रवाई हेतु प्रभारी को निर्देश दिए। जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा कोल्ड चैन रूम की जांच, आईपीडी रजिस्टर, ओपीडी रजिस्टर, एचआरपी रजिस्टर के संधारण में कमी पाए जाने पर नाराज हुए। इसी तरह प्रभारी डॉ. महेंद्र साहू को भी स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था में सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ आरएमए को भी सप्ताह में तीन दिवस पीएचसी में ड्यूटी करने हेतु बीएमओ से समन्वय स्थापित कर आदेश जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ नर्स श्रीमती श्यामवती मौर्य, गीता पांडे आरएचओ, धनमती बघेल आरएचओ, सहायक ग्रेड 3 अंजलि भारद्वाज, नेत्र सहायक अधिकारी फ्रांसीस विलियम एवं वार्ड आया हितेश्वरी कश्यप और ललित कश्यप शामिल रही। मोतियाबिंद ऑपरेशन से संबंधित जानकारी देते हुए नेत्र सहायक अधिकारी द्वारा घोटिया सेक्टर से 78 केस का ऑपरेशन होना बताया गया। सेक्टर में हेमवती नेताम एलएचवी, उमाशंकर सुपरवाइजर, रामदास बघेल सुपरवाइजर और अनीता मंडावी एलएचवी पदस्थ एवं वर्तमान में सोनारपाल सेक्टर में कार्य कर रही है। इसके पश्चात अधिकारी राजपुर आयुष्मान आरोग्य मंदिर के तहत डोंगरीगुड़ा में चल रहे एसएसएम सत्र में पहुंचे जहां पर रायमती बघेल आरएचओ, प्रेम कुमार कश्यप आरएचओ और प्रभारी बीटीइओ रमेश चंद्र जोशी एवं उमाशंकर पांडे उपस्थित थे। उपस्थित सभी बच्चों का टीकाकरण कर विटामिन ए की खुराक दी जा रही थी। एसएसएम सत्र में सभी आवश्यक सामग्री के साथ पर्याप्त मात्रा में पोस्टर और बैनर का उपयोग करने हेतु निर्देश डीपीएम डॉ. रीना द्वारा उपस्थित कर्मचारियों को दिया गया। उक्त जानकारी प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी शकील खान द्वारा दी गई है।



### सतत निगरानी रखने की सलाह

इसके अलावा अधिकारी ने राजपुर के ही सरगीगुड़ा पारा की 13 वर्षीय कु. तनुजा जो विगत दिनों जेई से प्रभावित होने के कारण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया गया था, उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। एसएसएम की जानकारी ऑनलाइन एंट्री करने के उपरांत सेक्टर घोटिया के आयुष्मान आरोग्य मंदिर घोटिया के आश्रित ग्राम पूर्वी टेमरा में चल रहे एसएसएम सत्र के निरीक्षण पर जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा किए गए टीकाकरण की जानकारी एसएसएम सत्र में उपस्थित कर्मचारी गौतमी सुखदेवे और श्रीमती सुनील गोडबोले से ली गई। सभी लाभान्वित बच्चों की जानकारी लेते हुए ऑनलाइन एंट्री कर क्षेत्र में सतत निगरानी रखने की सलाह दी।

## बेटी को पार्षद बनाने पिता ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- कांग्रेस से नहीं मिली टिकट तो बागी होकर मैदान में



वरिष्ठ कांग्रेस नेता सूर्या राव बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के करीबी हैं, लेकिन उन्हें कांग्रेस से टिकट नहीं मिली। बेटी अंजली राव को उन्होंने महेन्द्र कर्मा वार्ड क्र.42 से निर्दलीय मैदान में उतारा है। सूर्या राव खुद कांग्रेस से नाराज होकर महापौर का फार्म भरा था, लेकिन वे नाम वापसी के दिन मैदान से हट गए। इसके बाद उन्होंने अपनी बेटी अंजली के लिए कांग्रेस से टिकट मांगा लेकिन टिकट नहीं मिली, इसलिए वे बेटी को निर्दलीय चुनाव लड़ाया। 11 फरवरी को मतदान केन्द्र के बाहर बेटी के साथ डटे रहे और मतदाता से बेटी को आर्शिवाद देने के लिए निवेदन करते रहे। कुम्हारपारा के केवरामुंडा स्कूल के मतदान केन्द्र में सुबह से शाम तक बेटी को पार्षद बनाने पिता का पसीना बहाना चर्चा का विषय बना रहा। वहीं कांग्रेस की सालों की सेवा के बाद भी टिकट नहीं मिलना भी लोगों को अखर रहा था, इसलिए वे सूर्याराव को सांत्वना देते रहे।

## देर शाम स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा करने पहुंचे मतदान कर्मी...

**जगदलपुर।** शहर के सभी 48 वार्ड के मतदान कर्मी शाम 5 बजे के बाद चुनाव सामग्री समेटने में लग गए। कहीं-कहीं पर जहां शाम 5 बजे तक मतदाता डटे रहे वहां थोड़ा विलंब हुआ लेकिन अधिकांश मतदान केन्द्रों में 5 बजे के बाद ईवीएम को सील करने और सभी चुनाव सामग्री को बस्ते में डालकर पीठासीन अधिकारी धरमपुरा के मतगणना स्थल पहुंच गए। जहां अधिकारियों ने ईवीएम प्राप्त कर स्ट्रांग रूम में जमा किया। बताया गया कि देर रात तक सभी 48 वार्ड के ईवीएम पहुंच जाएंगे। भारी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में ईवीएम को रखने के दौरान कलेक्टर, एसपी समेत निर्वाचन कार्य में जुटे अधिकारी मौजूद थे। बताया गया कि अब मतगणना के दिन 15 फरवरी को सुबह स्ट्रांग रूम से ईवीएम निकाला जाएगा। यहां सुरक्षा बल की निगरानी में ईवीएम रखा गया है। बताया गया कि कोई भी प्रत्याशी या उनका अधिकृत प्रतिनिधी मतगणना स्थल पर ईवीएम की निगरानी में तैनात हो सकता है। इसके लिए जरूरी कार्रवाई पूरी करनी पड़ेगी।




## नपं में अध्यक्ष एवं पार्षदों का भाग्य ईवीएम में कैद



हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

बस्तर जिले के बस्तर नगर पंचायत में मंगलवार को 80 फीसदी मत पड़े। जिससे अध्यक्ष के भाजपा, कांग्रेस, दो निर्दलीय एवं 15 वार्ड के पार्षदों के 33 प्रत्याशियों का भाग्य इव्हीएम में बंद हुए। बताया जा रहा है कि अध्यक्ष के लिए प्रत्याशी भाजपा से सुनीता नाग, कांग्रेस से देवकी भद्रे, निर्दलीय डुमाय मौर्य एवं टीका भारद्वाज शामिल रहे। साथ ही नगर पंचायत में 7776 मत रहे, जिनमें 4133 महिला और 3643 पुरूष हैं। चुनाव के चलते सभी 15 मतदान केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था रहे, जिससे मतदान शांतिपूर्ण रहा।

## बस का इंतजार कर रहे यूपी के दो तस्कर से 2.32 लाख का गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

- ओडिशा बार्डर में नगरनार पुलिस ने की कार्रवाई
- एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज, आरोपी भेजे गए जेल

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को देखते हुए ओडिशा स्टेट से छग की ओर होने वाले अवैध मादक पदार्थ गांजा के परिवहन पर अंकुश लगाने बस्तर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत दो अंतर्राज्यीय तस्करों को ओडिशा बार्डर में नगरनार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तस्करों के कब्जे से 2.32 लाख रूपए का गांजा जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया।




गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश तथा सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण व आईपीएस गगन कुमार तथा निरीक्षक टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था।

टीम द्वारा आरटीओ नाका एनएच 63 के पास तिरिया जाने वाले रोड तिराहा में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर रायपुर की ओर जाने बस का इंतजार कर दो युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम विकास पाल 24 साल निवासी ग्राम भांडा पोस्ट सौज थाना कोर्रा जिला मैनपुरी उत्तरप्रदेश तथा अनुराग पाल 19 साल निवासी जीआईसी स्कूल के सामने मैनपुरी आगरा रोड यूपी का रहने वाला बताया। आरोपियों के बैग को चेक करने 4 पैकेट सेलोटेप से लिपटा हुआ कुल 23.214 किलो गांजा कीमत 2 लाख 32 हजार 140 रूपए बरामद कर जब्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 20 (ख), (ग) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक टामेश्वर चौहान के अलावा एएसआई सतीश यादव, महिला प्रधान आरक्षक पिलेश्वरी साहू व आरक्षक दशरू नाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जिमनास्टिक में ए नवीन साई कृष्णा राज्य का प्रतिनिधित्व करके दिखाएंगे प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

- 38 वें राष्ट्रीय खेल के फाइनल में कल हिस्सा लेंगे

38 वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड में छत्तीसगढ़ राज्य के ए नवीन साई कृष्णा जिम्नास्टिक खेल के आर्टिस्टिक इवेंट में रोमन रिंग के इवेंट में शीर्ष 8 में फाइनल में तीसरे स्थान पर जगह बनाए है। 12 फरवरी को फाइनल में शिरकत करेंगे। फाइनल इवेंट्स सुबह साढ़े 8 बजे से होगी। जिमनास्टिक जैसे कठिन खेल में आर्टिस्टिक इवेंट सवश्रेष्ट प्रदर्शन करने आगे बढ़ेंगे। राज्य से जिम्नास्टिक कोच लक्ष्मण गुरूंग, राजेश कुर्रे, नयन सोनी, शुभम बारले, सूर्यकांत सोनवानी, चंद्रदीप भारती, अमन साव व राज्य के जिम्नास्टिक खिलाड़ियों एवं अन्य आलाधिकारियों में छत्तीसगढ़ राज्य के वरिष्ठ एनआईओएस कोच बिश्वजीत मल्लिक ने अनंत शुभकामनाओं दी।छत्तीसगढ़ राज्य के उपलब्धि प्राप्त खिलाड़ियों में इंडियन जिमनास्ट रह चुके एकलव्य अवार्ड खिलाड़ी कारण बहादुर गुरूंग एवं विक्रम बहादुर गुरूंग ने भी शुभकामनाएं दी।



## बाइक चोरी के दो मामले में अज्ञात के खिलाफ किया अपराध पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर और भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र से बाइक चोरी के दो मामले सामने आया है। चोरी की शिकायत पर पुलिस ने दोनो मामलो में अज्ञात के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया। थाना में शिकायत करने पहुंचे भानुप्रातपपुर के वार्ड क्रमांक 9 सुभाषपारा निवासी 39 वर्षीय विजय कुमार पटेल पिता स्व. फगुवा राम पटेल ने पुलिस को बताया कि मशरूम उत्पादन का काम करता हूं। 7 फरवरी को सुबह लगभग 5 बजे वह मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 बीएक्स 3570 को भानुप्रतापपुर रेल्वे स्टेशन के पार्किंग में छोड़कर अपने निजी काम से ट्रेन से रायपुर गया था। अगले दिन 8 फरवरी की रात 10 बजे रेल्वे स्टेशन भानुप्रतापपुर पहुंचा और पार्किंग में जहां पर अपनी मोटर सायकल खड़ा किया था। वहां जाकर देखा तो मेरा मोटर सायकल वहां पर नहीं था, वहां पर अन्य मोटर सायकल व कार खड़ी थी। अपने स्तर पर आस-पास काफी खोजबीन किया, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। अज्ञात चोर मेरे नाम से पंजीकृत वाहन कमती लगभग 60 हजार रुपए को चोरी कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम धनेसरा निवासी 36 वर्षीय दीपक कुमार साहू पिता चंदन सिंह साहू ने पुलिस को बताया कि 11 जनवरी को मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 05 एस 4018 में सवार होकर गोविंदपुर मेला घूमने आया था। गोविंदपुर में उक्त मोटर सायकल को दोपहर करीबन साढ़े 3 बजे अटल चौक में अर्जुनी रोड के पास खड़ाकर मेला देखने चला गया। करीब एक घंटा बाद वापस आकर देखा तो मेरा मोटर सायकल उक्त स्थान पर नहीं था। अपने मोटर सायकल का आसपास में रहने वाले एवं मेला देखने आए कुछ लोगों से पूछताछ किया, लेकिन कोई जानकारी नही मिला। कोई मेरे मोटर सायकल को गलती से ले गया होगा कहकर मैं अपने घर चला गया, लेकिन अभी तक मेरे उक्त मोटर सायकल का पता नहीं चला। कोई अज्ञात चोर मेरे मोटर सायकल कीमती करीबन 15 हजार रूपएं को चोरी कर ले गया है। चोरी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



